कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

क्रमांक / प्रयास / 119 / 2021—22 / 10722 नवा रायपुर, दिनांक 03/03/2022

## संक्षिप्त विज्ञप्ति

**विषय — प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालयों के (सत्र 2022—23) कक्षा 9वीं में प्रवेश बाबत।**

—000—

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत नक्सल प्रभावित जिलों के प्रतिभावान् विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शालेय शिक्षा के साथ—साथ राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल, वाणिज्य, सीए, सीएस, सीएमए तथा क्लेट विषय से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है।

वर्ष 2022—23 में इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाना है। इस हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि निम्नानुसार है :—

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** | — | 31.03.2022 (जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में) |
| **प्रवेश परीक्षा की तिथि** | — | 17.04.2022 दिन रविवार (समय 10.30 से 1.00 बजे) |

इस हेतु आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

(श्रीमती शम्मी आबिदी)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

क्रमांक / प्रयास / 119 / 2021–22 / 10727 नवा रायपुर, दिनांक 03/04/2022

## प्रवेश नीति

विषय – प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालयों के (सत्र 2022–23) कक्षा 9वीं में प्रवेश बाबत।

—0—

स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासयी विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित / प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं से पूर्व माध्यमिक (कक्षा 8वीं) उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापरक माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा एवं इस स्तर पर राज्य / राष्ट्रीय स्तर की होने वाली इंजीनियरिंग, मेडिकल, सी.ए., सी.एस., सी.एम.ए. तथा क्लेट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। इन विद्यालयों में अध्यापन एवं कोंचिंग हेतु प्रतिष्ठित कोंचिग संस्थाओं के माध्यम से उत्कृष्ठ शिक्षको का चयन कर शिक्षण / अध्यापन / कोंचिंग की व्यवस्था की जाती है।

1. **प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं उन्हें पढ़ाये जाने वाले संकाय तथा सीट संख्या की जानकारी :–**

वर्तमान में निम्नांकित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाना है, इस हेतु प्रयास योजना (संशोधित) नियमावली–2020 के तहत रिक्त सीटों की संख्या निम्नानुसार है :–

| क. | संस्था / जिला | कक्षा 11वीं एवं 12वीं में संचालित संकाय जिसका अध्यापन किया जाना है | सीट संख्या (परिवर्तनशील) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | बालक | कन्या | योग |
| 1 | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू रायपुर | गणित समूह | 200 | — | 200 |
| 2 | प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी रायपुर | जीवविज्ञान समूह | — | 155 | 155 |
| 3 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, बिलासपुर | बालक–वणिज्य समूह<br>कन्या–कला समूह (क्लेट) | 75 | 50 | 125 |
| 4 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, दुर्ग | बालक–जीवविज्ञान समूह<br>कन्या–गणित समूह | 75 | 50 | 125 |
| 5 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, बस्तर | गणित तथा जीव विज्ञान समूह | 75 | 50 | 125 |
| 6 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, अंबिकापुर | गणित तथा जीव विज्ञान समूह | 75 | 50 | 125 |
| 7 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, कांकेर | गणित तथा जीव विज्ञान समूह | 50 | 50 | 100 |
| 8 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, कोरबा | गणित तथा जीव विज्ञान समूह | 50 | 50 | 100 |
| 9 | प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, जशपुर | गणित तथा जीव विज्ञान समूह | 50 | 50 | 100 |
| | योग | | **650** | **505** | **1155** |

2. **योजना अंतर्गत शामिल क्षेत्र :–**

प्रयास योजना (संशोधित) नियमावली–2020 अंतर्गत प्रवेश परीक्षा में निम्नांकित क्षेत्र के विद्यार्थी इस परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं –

1. प्रदेश के सम्पूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय/अशासकीय शालाएं।
2. नक्सल प्रभावित (केवल LWE) घोषित ऐसे जिले अथवा नक्सल प्रभावित जिले के ऐसे भू–भाग जो अनुसूचित क्षेत्र में शामिल नहीं है वहां पर आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय/अशासकीय शालाएं ।

टीप :– i. (गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा घोषित नक्सल प्रभावित (LWE) जिले निम्नानुसार है ( बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, जशपुर, बलरामपुर, सरगुजा, कोरिया, गरियाबंद, बालोद, राजनांदगांव, महासमुन्द तथा धमतरी)

ii. नक्सल प्रभावित जिले के कौन से भाग अनुसूचित क्षेत्र मे है और आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में है की जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास/परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

3. विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (कमार, बैगा, बिरहोर, पहाडी कोरवा, अबूझमारिया, पण्डो तथा भुंजिया) के विद्यार्थियों हेतु, सम्पूर्ण प्रदेश क्षेत्र के रूप में मान्य होगा।

3. **प्रवेश में आरक्षण –**

अनुसूचित क्षेत्रों/उपयोजना क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग हेतु निम्नानुसार सीटें निर्धारित होंगी–

1. अनुसूचित जन जाति :– 53%,
2. विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (PVTG) -04%
3. अनुसूचित जाति -13%,
4. अन्य पिछड़ा वर्ग – 20%,
5. सामा.वर्ग –10%

**टीप–** सीट रिक्त रहने पर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग परस्पर परिवर्तनशील होगा। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग परस्पर परिवर्तनशील होगा।

3. **प्रयास आवासीय विद्यालयों में चयन हेतु मापदण्ड :–**

**(i)** विद्यार्थी को कंडिका (01) में शामिल क्षेत्र के किसी विद्यालय से कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी/समकक्ष ग्रेड में उत्तीर्ण होना चाहिए।

**(ii)** वर्ष 2021–22 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण/परीक्षा मे शामिल विद्यार्थी ही विभाग द्वारा प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

**(iii)** नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित परिवार के बच्चों पर उक्त प्रावधान लागू नहीं होगा अर्थात उन्हें संस्था में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। नक्सल हिंसा से परिवार प्रभावित है, इसके लिए संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4. **विद्यार्थियों के लिए चयन प्रक्रिया :–**

i. LWE (नक्सल हिंसा) से सीधे प्रभावित/पीडित परिवार के पात्र बच्चों को संस्था में सीधें प्रवेश की पात्रता होगी।

ii. प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा हेतु यथा समय विज्ञप्ति राज्य/जिला स्तर पर प्रकाशित करायी जाएगी।

iii. सभी प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। वर्ष 2021–22 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण/परीक्षा में शामिल विद्यार्थी विभाग द्वारा प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

iv. प्रयास विद्यालय में विद्यार्थियों का चयन वर्गवार मेरिट के आधार पर किया जाता है। मेरिट सूची में सामान अंक होने पर जन्मतिथि में वरिष्ठता को प्राथमिकता दी जावेगी। (अर्थात् आयु में जो विद्यार्थी बड़ा होगा उसे प्राथमिकता दी जावेगी)

v. विज्ञापन में प्रकाशित विवरण एवं शर्तो के अनुसार विद्यार्थी को अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

vi. प्रवेश परीक्षा संबंधित जिला मुख्यालय पर आयोजित की जावेगी। परीक्षा केन्द्र का निर्धारण संबंधित जिले के कलेक्टर/सहायक आयुक्त द्वारा किया जाएगा।

vii. प्रवेश परीक्षा का आयोजन जिला कलेक्टर/सहायक आयुक्त द्वारा अपने निगरानी में कराया जायेगा।

viii. आवेदकों को संस्था में प्रवेश हेतु प्राथमिकता क्रम का विकल्प अपने आवेदन में देना होगा।

ix. प्रयास आवासीय विद्यालय का आबंटन चयनित विद्यार्थियों द्वारा अर्जित मेरिट तथा उनके द्वारा दिए गए विकल्प के प्राथमिकता क्रम से सीट उपलब्धता अनुसार किया जाएगा। इस हेतु विद्यार्थी या उसके पालक से प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्राथमिकता का विवरण लिखित में लिया जायेगा।

5. **शिक्षा का माध्यम एवं अध्यापन** :– प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा। प्रयास विद्यालय में छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा सचालित पाठ्यक्रम से अध्यापन कराया जाता है तथा कोचिंग का कार्य "रूचि की अभिव्यक्ति" के तहत आउट सोर्स से चयनित कोचिंग संस्था द्वारा कराया जायेगा।

**परीक्षा केन्द्र का कोड एवं रोल नंबर आबंटन** :– प्रवेश परीक्षा मे शामिल होने वाले विद्यार्थियों को छः अंको का रोल नबर दिया प्रदान किया जायेगा। प्रथम दो अंक जिले के कोड को प्रदर्शत करेगे, शेष चार अंक विद्यार्थी का रोल नंबर होगा। **रोल नंबर हेतु** :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रत्येक जिला मुख्यालय हेतु निम्नानुसार कोड आबंटित किया गया है :–

| जिला का नाम | कोड | जिला का नाम | कोड |
|---|---|---|---|
| कोरिया | 10 | राजनांगांव | 22 |
| सूरजपुर | 11 | महासमुन्द | 23 |
| सरगुजा | 12 | गरियाबंद | 24 |
| जशपुर | 13 | बालोद | 25 |
| बलरामपुर | 14 | धमतरी | 26 |
| कांकेर | 15 | कबीरधाम | 27 |
| जगदलपुर | 16 | कोरबा | 28 |
| नारायणपुर | 17 | गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही | 29 |
| बीजापुर | 18 | बिलासपुर | 30 |
| दंतेवाड़ा | 19 | रायगढ | 31 |
| सुकमा | 20 | मुंगेली | 32 |
| कोण्डागांव | 21 | | |

6. **प्रश्न पत्र का पैटर्न** :– कक्षा 8वीं स्तर के प्रश्न होगें। प्रश्न पत्र में विज्ञान के 20, गणित के 20, सामाजिक विज्ञान के 20, अंग्रेजी के 20, हिन्दी के 10 और संस्कृत के 10 प्रश्न होंगे। इस प्रकार कुल 100 प्रश्न होंगे। प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। सही उत्तर को विद्यार्थी द्वारा **ओ.एम.आर. सीट के निर्धारित स्थान पर स्वयं निर्देशित निशान लगाना होगा।** ओ.एम.आर. सीट को गलत भरने या उसमें कॉट–छांट करने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। ओ.एम.आर. सीट पर किसी प्रकार का सुधार मान्य नहीं होगा।

7. **परीक्षा की तिथि :– प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 17.04.2022 दिन रविवार समय– 10:30 से 1:00 तक**

8. महत्वपूर्ण सूचना :–

- **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31.03.2022 (संबधित जिलें के विकासखंड शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में)**
- प्रवेश के संबंध में स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा **प्रयास आवासीय विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली 2020** प्रक्रियाधीन में उल्लेखित नियम एवं शर्ते लागू होंगे।
- परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सूची हार्ड एवं साफ्ट कापी में राज्य स्तरीय मूल्यांकन केन्द्र के कार्यालय आयुक्त, मुख्यालय को **दिनांक 04.04.2022** तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा।
- कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण प्रकिया में राष्ट्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित करोना से संबंधित गाईड लाईन का पालन करना होगा।

  जिला स्तर से प्राप्त अभ्यर्थियों की अनुमोदित सूची आयुक्त महोदय के अनुमोदन उपरांत राज्य स्तर से वर्गवार मेरिट सूची विभागीय **वेबसाईट tribal.cg.gov.in** पर अपलोड की जावेगी। तदनुसार मेरिट क्रम में च्वाईस फिलिंग पश्चात प्रयास विद्यालयों में प्रवेश दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

**(श्रीमती शम्मी आबिदी)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ

(4)

पृ. क्रमांक / प्रयास / 119 / 2021–22 / 10728 नवा रायपुर, दिनांक 03/02/2022

प्रतिलिपिः–

1. **सचिव,** छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय नवा रायपुर (छ.ग.)।
2. **कलेक्टर,**जिला– कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, राजनांदगांव, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, धमतरी, कबीरधाम, कोरबा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली तथा रायगढ़ (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. **परियोजना प्रशासक एकीकृत,** आदिवासी विकास, परियोजना ...................... जिला.......................... की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. **सहायक आयुक्त,** आदिवासी विकास, जिला – कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, राजनांदगांव, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, धमतरी, कबीरधाम, कोरबा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली तथा रायगढ़ (छ.ग.) को निर्देशित किया जाता है कि अपने जिला स्तर पर भी प्रचार–प्रसार करावें एवं स्कूलों तक सूचना भेजवाएं। सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. **प्रशासकीय अधिकारी,** प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बस्तर, कांकेर एवं बिलासपुर (छ.ग.)।

**आयुक्त**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)

# स्व. राजीव गांधी प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र (2022–23) में

## कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र

फोटो चस्पा करें

प्रति,

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जिला ............................(छ.ग.)

रोल नंबर | | | | | | |

1. छात्र/छात्रा का नाम (हिन्दी में) : ...........................................
   (अंग्रेजी में) : ...........................................
2. जन्मतिथि : ...........................................
3. पिता का नाम : ...........................................
4. माता का नाम : ...........................................
5. पूर्ण पता : ...........................................
   ...........................................
   ...........................................
6. विद्यार्थी के कक्षा 8वीं में अध्यनरत विद्यालय की जानकारी :–: ग्राम............................पंचायत...........................
   (विद्यालय का अनुसूचित क्षेत्र में होने संबंधी जानकारी हेतु) वि.ख........................ जिला ........................
7. क्या उक्त विद्यालय विज्ञापन के कंडिका–2 अनुसार LWE प्रभावित जिले के अंतर्गत आता है तो जिले का नाम : ...........................................
8. क्या उक्त विद्यालय LWE एवं अनुसूचित क्षेत्र दोनो में शामिल है (हॉ/नहीं) : ...........................................
9. यदि नहीं तो क्या उक्त विद्यालय LWE जिले के उपयोजना क्षेत्र में आता है (हॉ/नहीं) : ...........................................
10. कक्षा 8वीं का प्राप्तांक (प्रतिशत या ग्रेड लिखे) : ...........................................
11. जाति एवं वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामा./विशेष पिछडी जनजाति) (च्वाईस फिलिंग के समय तक सक्षम अधिकारी का स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें) : ...........................................
12. पिता का व्यवसाय (कृषि/मजदूरी/शासकीय नौकरी) (यदि शासकीय सेवा में है, तो पद) : ...........................................
13. परिवार में कुल कृषि भूमि है (एकड में) : ...........................................
14. जटिल/गंभीर बीमारी (यदि कोई हो तो) : ...........................................
    (प्रवेश के समय मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।)
15. फोन/मोबाईल नंबर : ...........................................
16. विद्यार्थी के आधार कार्ड का नम्बर : ...........................................
    (सत्यापित प्रति संलग्न करें)

17. क्या विद्यार्थी का परिवार नक्सल हिंसा से पीडित है : ..................................................
(यदि हां तो पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

18. विद्यार्थी कक्षा 11वीं एवं 12वीं में कौन सा विषय लेकर पढाई करना चाहता है :– ..........................
(गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य, कला)

## –:: घोषणा पत्र ::–

मैं श्री / कु. .................................................... (विद्यार्थी) एवं आत्मज / आत्मजा श्री / श्रीमती ............................प्रमाणित करते है कि प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा वर्ष 2022–23 हेतु जारी प्रवेश नियमावली का अध्ययन कर लिया है। इसके अनुसार आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहे है। आवेदन पत्र में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। जानकारी गलत पाये जाने पर हमारे द्वारा किया गया आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

**पालक / अभिभावक का हस्ताक्षर**
दिनांक – ..............................

**छात्र / छात्रा का हस्ताक्षर**
दिनांक – ..............................

## वर्ष 2022–23 में प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रधानपाठक / प्राचार्य का सत्यापन

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / कुमारी.......................................... पिता.................................. वर्तमान में .......................................................................... विद्यालय के कक्षा 8वीं में वर्ष 2021–22 में अध्ययनरत है। यह विद्यालय ग्राम .............................. ग्राम पंचायत........................विकासखण्ड ........................ जिला................................में संचालित है। विद्यार्थी द्वारा आवेदन पत्र पर दी गई जानकारी सत्य एवं सही हैं।

प्राचार्य / प्रधानपाठक का पदमुद्रा
सहित हस्ताक्षर

---

## आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज / अभिलेखों की सूची :–

| क | अभिलेखों की सूची | संलग्न कर (✓) अंकित करे |
|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी होने का सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र। | |
| 2 | सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र। | |
| 3 | वर्ष 2021–22 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण / परीक्षा में शामिल होने संबंधी प्रधान पाठक द्वारा जारी प्रमाण पत्र। | |
| 4 | यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र। | |
| 5 | प्रवेश नीति के कंडिका–2 (1,2,3) अनुसार विद्यालय में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र। | |

**टीप** :– सक्षम प्रमाण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। इस हेतु किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

(7)

## स्व. राजीव गांधी प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रवेश पत्र–सत्र (2022–23)

श्री/कुमारी ........................................ पुत्र/पुत्री श्री ...................................................... को प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र ............................................को रोल | | | | | | | नंबर आबंटित करते हुए परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाती है।

**कमांक/दिनांक :** ................................

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
जिला ......................(छ.ग.)

---

## आवेदन पत्र की पावती

श्री/कुमारी ...................................... पुत्र/पुत्री श्री ...................................................... का आवेदन पत्र प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश/चयन परीक्षा 2022–23 हेतु दिनांक ......................को प्राप्त हुआ।

**कमांक/दिनांक :** ................................

हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता एवं
पदनाम/पदमुद्रा